09.04.2026 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम
प्रादेशिक समाचार

○ प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी ने कहा– विधायी निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण से लोकतंत्र और अधिक जीवंत तथा सहभागी बनेगा।

○ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जल जीवन मिशन घोटाले के आरोपी पूर्व आई.ए.एस. सुबोध अग्रवाल को दिल्ली से गिरफ्तार किया।

○ एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारतीय महिला टीम ने चार स्वर्ण सहित कुल दस पदक जीते–कोटा की अरुंधति ने भी स्वर्ण पदक हासिल किया।

○ प्रदेश में पिछले एक सप्ताह से जारी आंधी, बारिश का सिलसिला थमा–अगले कुछ दिनों में तापमान में 3 से 4 डिग्री की बढोतरी की संभावना।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विधायी निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण समय की मांग है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षण से लोकतंत्र और अधिक जीवंत तथा सहभागी बनेगा। एक वीडियो में अपने विशेष लेख का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं के आरक्षण से जुडे महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा और उसे पारित कराने के लिए 16 अप्रैल को संसद का सत्र बुलाया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह जरूरी है कि 2029 के लोकसभा चुनाव तथा आने वाले समय में विभिन्न राज्यों में विधानसभा चुनाव महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों के प्रावधान के साथ आयोजित हों।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि विधायी संस्थाओं की सार्थकता और तर्कपूर्ण संवाद को बढ़ाने के लिए युवा सदस्यों को विधायी नियमों और प्रक्रियाओं की गहरी जानकारी होना आवश्यक है। श्री बिरला आज गोवा में 'राष्ट्रमंडल संसदीय संघ' भारत क्षेत्र के जोन–सात के पहले सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवा विधायी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी से ही साल 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

000

दो दिवसीय इस सम्मेलन के विभिन्न सत्रों में व्यापार, पर्यटन, शहरीकरण और पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मंथन किया जा रहा है।

000

कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा है कि बागवानी के जरिये देश में कृषि क्षेत्र में बदलाव आ रहा है। आज नई दिल्ली में भारत बागवानी शिखर सम्मेलन 2026 में उन्होंने कहा कि इससे किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिल रही है। श्री चौधरी ने कहा कि कृषि क्षेत्र लगातार मजबूत हो रहा है और यह गांवों की आजीविका और देश की खाद्य सुरक्षा के लिए अहम आधार है। उन्होंने कहा कि बागवानी क्षेत्र अब कृषि सकल मूल्य वर्धित–जीवीए में लगभग एक तिहाई का योगदान दे रहा है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि जयपुर मेट्रो का दूसरा चरण शहर के विकास के लिए ग्रोथ इंजन साबित होगा। वे आज जयपुर में मेट्रो परियोजना की प्रगति और विस्तार को लेकर हुई समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने फेज–2 की मंजूरी के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने एक अन्य बैठक में जयपुर शहर के यातायात प्रबंधन और सुधार की भी समीक्षा की।

000

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जल जीवन मिशन घोटाले के आरोपी पूर्व आईएएस सुबोध अग्रवाल को आज दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। ब्यूरो के महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि एसीबी कोर्ट ने जल जीवन मिशन घोटाले से जुड़े इस मामले में चार फरार आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे, जिसके तहत यह कार्रवाई की गई है। अग्रवाल पर जल जीवन मिशन में ठेकेदारों के साथ मिलीभगत कर फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र और कंप्लीशन सर्टिफिकेट जारी करने और 960 करोड़ रुपये का भुगतान करने का आरोप है। श्री गुप्ता ने बताया कि अधिकारियों को टेन्डरों में फर्जी सर्टीफिकेट लगाये जाने की जानकारी थी इसके बावाजूद उन्होंने दो फर्मो पर कोई कार्यवाही नही की। साथ ही 50 करोड़ रूपयें से अधिक के टेन्डरों मेँ एक ऐसी शर्त जोडी जिससे टेन्डरों की गोपनियता भंग हुई।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के साथ–साथ उनके कौशल और चरित्र निर्माण पर विशेष ध्यान दें। श्री बागडे आज अलवर में राजऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर और रोजगार देने योग्य बनाना है। राज्यपाल ने जोर दिया कि विश्वविद्यालयों में नियमों की पालना और शिक्षा की गुणवत्ता हर हाल में सुनिश्चित की जानी चाहिए ताकि उनकी साख बनी रहे। इस अवसर पर 44 हजार से ज्यादा डिग्रियां दी गई और मेघावी छात्रों को स्वर्ण पदक दिये गये।

000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज नागौर जिले के रेण में सतहत्तर करोड़ अट्ठावन लाख रुपये की लागत वाली सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में दो सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन किया और एक नई परियोजना की आधारशिला रखी। इन परियोजनाओं में रेण रेलवे ओवरब्रिज और मेड़ता सिटी–गोटन–आसोप मार्ग का सुदृढ़ीकरण कार्य शामिल है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इन कार्यों से अजमेर और बीकानेर के बीच आवागमन आसान होगा और स्थानीय निवासियों को जाम से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने क्षेत्र में अन्य ग्रामीण सड़कों के निर्माण और मीरा बाई पैनोरमा के कार्य को भी समय पर पूरा करने का भरोसा दिलाया।

000

सलूंबर जिले के लसाड़िया और आसपास के क्षेत्रों में बच्चों के स्वास्थ्य की जांच के लिए विशेष चिकित्सा दल गठित किए गए हैं। ये दल स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में जाकर बच्चों की स्क्रीनिंग करेंगे ताकि संदिग्ध वायरल एन्सेफलाइटिस के खतरे को समय रहते रोका जा सके। जिला कलेक्टर मुहम्मद जुनैद पीपी ने स्वास्थ्य विभाग को इस संबंध में सक्रिय रहने को कहा है।जांच के दौरान जिन बच्चों में बीमारी के लक्षण मिलेंगे, उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कर इलाज दिया जाएगा। इसके साथ ही प्रभावित इलाकों में साफ–सफाई, फॉगिंग और एंटी–लार्वा दवा के छिड़काव का काम भी तेज किया गया है।

प्रशासन ने क्षेत्र में काम कर रहे झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही है। लोगों से अपील की गई है कि बच्चों की तबीयत खराब होने पर उन्हें तुरंत पास के अस्पताल ले जाएं।

000

मंगोलिया में आयोजित एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारतीय महिला टीम ने चार स्वर्ण सहित कुल दस पदक जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया है। इस ऐतिहासिक सफलता में कोटा की मुक्केबाज अरुंधति चौधरी ने स्वर्णिम पंच लगाकर देश का मान बढ़ाया है। अरुंधति ने 70 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में कजाकिस्तान की बख्येत सेईदिश को 4–1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा मीनाक्षी, प्रीति और प्रिया ने भी अपने–अपने वर्गों में स्वर्ण पदक हासिल किए। भारत ने प्रतियोगिता में दो रजत और चार कांस्य पदक भी जीते हैं। जैस्मिन और अल्फिया पठान रजत पदक जीतने में सफल रहीं। अरूंधति की स्वर्णीम

जीत पर कोटा में उत्साह का माहौल है और उनके कोच अशोक गौतम सहित खेल प्रेमियों ने इसे बड़ी उपलब्धि बताया है।

000

प्रदेश में पिछले एक सप्ताह से जारी आंधी, बारिश का सिलसिला आज थम गया है। आज हालांकि ज्यादातर स्थानों पर मौसम साफ रहा, लेकिन अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में अधिकांश भागों में आगामी एक सप्ताह मौसम साफ रहने की संभावना है। बीकानेर संभाग में परसो एक कमजोर विक्षोभ का प्रभाव रहेगा। इसके साथ ही विभाग ने कहा कि अगले कुछ दिनों में तापमान में 3 से चार डिग्री की बढोतरी की संभावना है।

000

राज्य में मौसम के लगातार बदलाव के कारण गेहूं की फसल की कटाई प्रभावित हो रही है। तेज हवा और बारिश की वजह से कई स्थानों पर पकी हुई फसल गिरने और खेतों में पानी भरने से किसानों को नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

कोटपूतली–बहरोड़ के सहायक कृषि उपनिदेशक डॉक्टर रामजी लाल यादव ने किसानों से अपील की है कि किसान मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए कटी हुई फसल को सुरक्षित स्थान पर रखें ताकि उसे भीगने से बचाया जा सके।

000

हनुमानगढ जिले के नोहर में विधायक अमित चाचाण ने भी आज पिछले दिनों ओलावृष्टि के कारण हुए फसल खराबे का जायजा लिया।

000

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि प्रदेश में गिरते भू–जल स्तर को सुधारने के लिए जल पुनर्भरण यानी वॉटर रिचार्ज के उपायों पर विशेष ध्यान देना होगा। आज जयपुर में 'मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0' के तहत आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने अधिक से अधिक पौधारोपण, तालाबों के निर्माण और विलुप्त नदियों को पुनर्जीवित करने के निर्देश दिए। श्री दिलावर ने जल दोहन को रोकने के लिए डार्क जोन क्षेत्रों में प्रभावी कदम उठाने पर जोर दिया।

000